पं. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2024-2026, आरएनआई रजि.नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ■ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

सीमा सन्देश

1951 में स्थापित

संस्थापक स्व. पी कमल नवल शर्मा

दूसरों द्वारा की गई गलतियों से सीखो, अपने ऊपर प्रयोग करके सीखने में तुम्हारी अवश्य जान पड़ जाएगी। -चाणक्य

ताकत किसान की, प्रधान की

वर्ष : 33 ■ अंक : 356 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08 जयपुर, बुधवार, 26 जून, 2024 ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in शिक्षित और सक्षम...

सीरी द्वारा विकसित जल परीक्षण किट और हीमोग्लोबिन मापन प्रणाली का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। सीरी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित ₹हैंड-हेल्ड आईओटी सक्षम फील्ड-तैनाती योग्य जल परीक्षण किट और हीमोग्लोबिन मापने की हैंड-हेल्ड न्यूनतम इनवेसिव की प्रणाली₹ की तकनीकी जानकारी का हस्तांतरण मेसर्स प्लास्टी सर्ज इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड, अमरावती, महाराष्ट्र को किया गया।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह और डॉ. (श्रीमती) एन कलैसेल्वी, सचिव, डीएसआईआर एवं महानिदेशक, सीएसआईआर, भी उपस्थित थे। डॉ सिंह एवं डॉ कलैसेल्वी ने तकनीकी हस्तांतरण पर प्रसन्नता व्यक्त की।सीएसआईआर - एक सप्ताह, एक थीम₹ कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने मेसर्स प्लास्टी सर्ज इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड के अधिकारियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया। इस कार्यक्रम में डॉ. मनीष मैथ्यू, प्रमुख, प्रौद्योगिकी और व्यवसाय विकास समूह, सीएसआईआर-सीईईआरआई भी उपस्थित थे।